# उद्यमिता दिवस पर मुख्यमंत्री ने हरियाणा के सभी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से किया संवाद




**पल पल न्यूज: खानपुर कलां/गोहाना, 21 अगस्त, (अनिल जिंदल)।** आज उद्यमिता दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हरियाणा सरकार में मुख्यमंत्री माननीय श्री नायब सिंह सैनी ने मौजूद जनसमूह को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से हरियाणा के सभी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से भी संवाद किया। मुख्यमंत्री जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह दिन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारे युवाओं की उस नवीन सोच, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता का उत्सव है, जो हमारे राष्ट्र की प्रगति की सबसे बड़ी ताकत है। साथियो, आज का भारत बदल रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने हमारे देश में उद्यमिता की एक नई लहर पैदा की है। जहाँ पहले युवा नौकरी ढूँढने निकलते थे, आज वही युवा नौकरियाँ देने वाले बन रहे हैं। यह बदलाव केवल सरकार की नीतियों का परिणाम नहीं है, बल्कि आप जैसे छात्रों की कल्पना शक्ति और साहस का प्रमाण है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि युवाओं से मेरा यह कहना है कि असफलता से डरें नहीं। हर असफलता एक नई सीख लेकर आती है। छोटे-छोटे प्रयासों से शुरुआत करें और बड़े सपने देखने का साहस रखें। तकनीक और नवाचार का उपयोग समाज की समस्याओं को हल करने में करें। ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय की छात्राओं ने नायब सिंह सैनी को सुना

गोहाना, 21 अगस्त (रामनिवास धीमान): कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आज देश बदल रहा है,महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के स्वरोजगार के प्रयास में कौशल युक्त शिक्षा पर जोर दे रहा है। आज विवि नई शिक्षा नीति अपनाकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। उद्यमिता दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हरियाणा सरकार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मौजूद जनसमूह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से हरियाणा के सभी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से भी संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारे युवाओं की उस नवीन सोच, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता का उत्सव है, जो हमारे राष्ट्र की प्रगति की सबसे बड़ी ताकत है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने हमारे देश में उद्यमिता की एक नई लहर पैदा की है। जहां पहले युवा नौकरी ढूंढने निकलते थे, आज वही युवा नौकरियां देने वाले बन रहे हैं। यह बदलाव केवल सरकार की नीतियों का परिणाम नहीं है, बल्कि आप जैसे छात्रों की कल्पना शक्ति और साहस का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं है, बल्कि यह स्टार्टअप और नवाचार की प्रयोगशाला भी बन सकता है। सरकार की ओर से मैं यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम युवाओं के हर विचार, हर स्टार्टअप और हर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण सहयोग देंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उद्यमिता आयोग के गठन की भी घोषणा की।